प्रियंका स्वच्छता कार्यक्रमों की ब्रांड अंबेसडर बनेगी

बदलाव की बयार

- शौचालय की सुविधा न होने पर ससुराल छोड़ मायके लौट आई थी
- डीएम महराजगंज का प्रस्ताव, बस्ती प्रशासन ने भी जताई इच्छा

महराजगंज, जासं : शौचालय की सुविधा नहीं होने पर ससुराल छोड़ मायके लौटने से चर्चा में आई प्रियंका को जिला प्रशासन ने स्वच्छता कार्यक्रमों के लिए ब्रांड अंबेसडर बनाने की घोषणा की है। जिलाधिकारी महराजगंज ने इस आशय का प्रस्ताव प्रियंका के मायके भेजा है जिसपर सभी ने खुशी का इजहार किया है। उधर बस्ती प्रशासन ने भी प्रियंका को अपने जनपद का ब्रांड अंबेसडर बनाने की इच्छा जताई है।

तराई के गांव में बदलाव की बयार लेकर आई बहू प्रियंका के साहसिक कदम की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। सामान्य बहू की बजाय वह जिला प्रशासन के स्वच्छता कार्यक्रम के लिए रोल माडल बनकर उभरी है। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने रविवार को प्रियंका की तारीफ करते हुए उसे जिले में स्वच्छता कार्यक्रमों का ब्रांड अंबेसडर बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रियंका का कदम साहसिक है। उम्मीद है, इससे गांव के लोगों की सोच मे परिवर्तन आएगा। उधर प्रियंका के मायका कंचनपुर कुइंया व ससुराल विशुनपुर खुर्द में प्रशासन के इस फैसले से खुशी की लहर छा गई। गांव में बहू की कहानी सभी के जुबान पर है। ससुर रामजिऊत, पति अमरजीत तथा सास तेतरा देवी के अलावा गांव के अन्य लोगों ने कहा कि सभी के लिए गर्व की बात है। उल्लेखनीय है कि परतावल विकास खण्ड के विशुनपर खुर्द गांव में 13 अप्रैल 2012 को रामजिउत की बहू बन कर प्रियंका पहुंची थी। ससुराल में शौचालय न होने पर चार दिन बाद वह अपने मायके लौट गई थी।

पुरस्कृत करेगा बस्ती प्रशासन : बस्ती : जिला पंचायत राज विभाग ने प्रियंका को पुरस्कृत करने और अपना ब्रांड अंबेसडर नियुक्त करने की इच्छा व्यक्त की है। जिला पंचायतराज अधिकारी समरजीत यादव ने जागरण से कहा कि प्रियंका के साहस की जितनी तारीफ की जाए, कम है। हम विभाग की तरफ से प्रियंका को जल्द ही पुरस्कृत करेंगे और ब्रांड अंबेसडर भी बनाएंगे।